भारत सरकार
रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय
औषध विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1459
दिनांक 15 मार्च, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के बारे में जानकारी

1459. श्री नीरज डांगी:

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है और भविष्य में इसके विस्तार के लिए क्या कार्य योजना है;
(ख) देश में विशेषकर राजस्थान में कितने प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं; और
(ग) इस योजना के अंतर्गत बेची जाने वाली दवाईयों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
रसायन एवं उर्वरक मंत्री (डॉ. मनसुख मांडविया)

(क): औषध विभाग के तत्वावधान में फार्मास्युटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइसेस ब्यूरो ऑफ इंडिया (पीएमबीआई) द्वारा लागू की जा रही प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के अंतर्गत 28 फरवरी 2022 तक देश के सभी जिलों को कवर करते हुए लगभग 8,689 प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (पीएमबीजेके) खोले गए हैं। सरकार ने मार्च 2025 तक 10,500 पीएमबीजेपी केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा है।

(ख): 8,689 पीएमबीजेके में से लगभग 143 पीएमबीजेके राजस्थान राज्य में खोले गए हैं।

(ग): वर्तमान में उत्पाद समूह में 1,616 दवाएं और 250 सर्जिकल वस्तुएं शामिल हैं जो सभी प्रमुख चिकित्सीय समूहों जैसे कि कार्डियोवास्कुलर, कैंसर-रोधी, मधुमेह-रोधी, एंटी-इंफेक्टिव, एंटी-एलर्जीक, गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल दवाएं, न्यूट्रास्युटिकल्स आदि को समाविष्ट करते हैं।

***